भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2229
उत्तर देने की तारीख 06 अगस्त, 2026
15 श्रावण, 1948 (शक)

खेलो इंडिया योजना

2229 श्री नीरज शेखरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान, खेलो इंडिया योजना (केआईएस) के अंतर्गत आवंटित, जारी की गई तथा उपयोग में लाई गई निधियों का वर्ष-वार तथा राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत पाँच वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान स्थापित किए गए खेल केंद्रों का, उनकी वर्तमान कार्यात्मक स्थिति सहित, राज्य-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) इस मंत्रालय की खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत धनराशि स्कीम-वार आबंटित और जारी की जाती हैं राज्य-वार नहीं। पिछले तीन वर्ष और चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत आबंटित और उपयोग की गई धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	आवंटित धनराशि	व्यय
2023-24	880.00	872.20
2024-25	746.54	620.75
2025-26	700.00	691.17
2026-27 (15.07.2026 तक)	924.35	257.22

(ख) खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत विभिन्न खेल सुविधाओं जैसे कि खेल अवसंरचनाओं, खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों (केआईएससीई) और खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों (केआईएए) के साथ-साथ खेलो इंडिया एथलीटों (केआईए) और कोच का विवरण, जिसमें उनकी राज्य-वार स्थिति भी शामिल है, इस मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dash board.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत देशभर में सहायता प्राप्त विभिन्न खेल सुविधाओं का विवरण, जिसमें उनकी राज्य-वार स्थिति भी शामिल है, इस मंत्रालय के डैशबोर्ड http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html. पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा संचालित विभिन्न खेल सुविधाओं जैसे कि राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई), खेल प्रशिक्षण केंद्रों (एसटीसी), एसटीसी के विस्तार केंद्रों तथा इन सुविधाओं में प्रशिक्षित एथलीटों का विवरण, जिसमें उनकी राज्य-वार स्थिति भी शामिल है, https://sportsauthorityofindia.nic.in डैशबोर्ड पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****